दिनांक 07.10.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू से बचाव के लिए निगम की टीम ने टेमिफास का छिड़काव कर 118 कूलर कराए खाली, घर-घर सर्वे कर रही है निगम की टीम

भिलाईनगर/ डेंगू से बचाव के लिए निगम की टीम ने विगत 15 दिनों में वार्ड 06 सुपेला बाजार, वार्ड 12 कांट्रेक्टर कालोनी, वार्ड 25 संतोषी पारा, वार्ड 04 राधिका नगर अंतर्गत (संजय नगर पूर्व एवं पश्चिम, न्यु कृष्णा नगर) , वार्ड 22 श्याम नगर अंतर्गत सूर्या नगर , ठेठवार पारा, नहर किनारे बस्ती , वार्ड 23 रविदास नगर सहित आसपास के कुल 2206 घरों का निरीक्षण किया ! कुल 6406 कूलर व पानी भरने वाले कंटेनर की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान 118 कूलर जिसमें पुराना पानी संग्रहित कर रखा गया था इसमें मच्छर लार्वा की उत्पत्ति होने की संभावना को देखते हुए टेमिफाॅस का उपयोग कर पानी खाली कराया गया। इस दौरान 15 घरों में मच्छर का लार्वा पाया गया , जिसमें टेमीफास डालकर नष्ट किया गया , साथ ही लार्वा पाए घरों में परिवार के सभी सदस्यों को 2-3 दिन से ज्यादा पानी संग्रहित कर नहीं रखने की समझाइश दी गई। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिए हुए हैं! निर्देश अनुरूप स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह को सम्मिलित कर सर्वे टीम बनाई गई है जो डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए प्रतिदिन कार्य कर रही है! मच्छरों को नष्ट करने प्रतिदिन हो रही है फागिंग स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग वार्ड के लिए टीम बनाई है जो घरों में सर्वे का कार्य रहे है , मच्छरों को नष्ट करने के लिए प्रतिदिन फागिंग कराई जा रही है। बारिश के कारण रहवासी क्षेत्रों में जलभराव वाले 50 स्थानों पर मलेरिया आयल का छिड़काव किया गया ताकि वहां उत्पन्न होने वाले मच्छर के लार्वा को समाप्त किया जा सके। डेंगू , मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव हेतु नागरिकों में जन जागरूकता हेतु 1955 नग पाम्प्लेट भी वितरण किया गया। 2048 घरों में पुराने गमले , टायर व अनुपयोगी पात्रों में टेमीफास के घोल का छिड़काव किया गया। इसके अलावा जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं द्वारा खून जांच हेतु 41 लोगों की रक्तपटिट्का तैयार कर लैब भेजा गया है। इसके साथ ही घरों में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु हैण्ड स्प्रेयर पंप द्वारा सोडियम हाइपो क्लोराइड के घोल का छिड़काव कर सेनिटाइजिंग किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए सभी जोन की टीम अलग-अलग वार्डों में शाम के समय हैण्ड फाॅगिंग एवं व्हीकल वाहन के जरिए फाॅगिंग कर रही है। जोन - 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड - 25 संतोषी पारा में हुडको क्वार्टर , शिव मंदिर लाईन, आंगनबाड़ी लाईन, गुप्ता गली,वार्ड -24 शारदा पारा के आशादीप कालोनी, वार्ड-23 रविदास नगर अंतर्गत नन्दिनी रोड देना बैंक के सामने से वार्ड- 20 नेहरू चौक तक नहर किनारे फागिंग मशीन द्वारा धुआं का छिड़काव किया गया। इसके अलावा सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार टेमिफास बाॅटल की रिफीलिंग व वितरण किया जा रहा है।